स्प्री योजना-2025 • नवांशहर में शाखा प्रबंधक संत राम ने दी योजना की विस्तृत जानकारी

# ईंट भट्ठा नियोजकों के साथ ईएसआईसी ने लगाया सेमिनार

भास्कर न्यूज | नवांशहर



कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा सामाजिक सुरक्षा के दायरे को और अधिक व्यापक बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई स्प्री योजना-2025 के तहत नवांशहर में ईंट भट्ठा उद्योग से जुड़े नियोजकों को जागरूक करने के लिए विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। ईंट भट्ठा संगठन के उपाध्यक्ष पवन भल्ला सहित संगठन के अन्य सदस्यों और अनेक ईंट भट्ठा मालिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता ईएसआईसी शाखा कार्यालय नवांशहर के शाखा प्रबंधक संत राम ने की। शाखा प्रबंधक संत राम ने बताया कि स्प्री योजना 15 जुलाई से 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगी। इस योजना के अंतर्गत संविदा व अस्थायी श्रमिकों सहित उन सभी कर्मचारियों को ईएसआईसी के अंतर्गत लाने का अवसर दिया जा रहा है, जो अब तक किसी कारणवश इसके दायरे में नहीं आ पाए हैं। यह योजना विशेष रूप से उन नियोक्ताओं के लिए लाभकारी है जो अब तक अपनी इकाई या कर्मचारियों को ईएसआईसी में पंजीकृत नहीं करवा पाए। योजना के अंतर्गत नियोक्ता बिना किसी निरीक्षण या पिछली अवधि के बकाये की मांग के डर के स्वेच्छा से ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। यह पंजीकरण ईएसआई पोर्टल, श्रम सुविधा पोर्टल अथवा एमसीए पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पंजीकरण की घोषित तिथि को ही वैध माना जाएगा और उस तिथि से पूर्व की अवधि के लिए कोई योगदान या हितलाभ लागू नहीं होगा, न ही कोई निरीक्षण या रिकॉर्ड की मांग की जाएगी। संत राम ने बताया कि यह योजना पूर्व व्याप्ति और दंड के डर को समाप्त कर, सरल प्रक्रिया के माध्यम से स्वैच्छिक पंजीकरण को प्रोत्साहित करती है। उन्होंने सभी नियोजकों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाकर अधिक से अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाएं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी नियोजकों ने ईएसआईसी की इस पहल की सराहना की और आश्वस्त किया कि वे अपने प्रतिष्ठानों में कार्यरत सभी श्रमिकों का पंजीकरण करवाने के लिए तत्पर रहेंगे।